Center for
Prevention Programs
and Partnerships

# त न-अक य क ल ल इन क उपय ग क अन षण करन : एक र कथ म सस धन

जुलाई 2024

# लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम में तीन-अंकीय वाली कॉल लाइनों के उपयोग का अन्वेषण करना

## संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में वर्तमान अनुसंधान और पद्धति का संकलन

**कार्य-क्षेत्र और सारांश:** यह रिपोर्ट लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम (TVTP) सूचना और पद्धति को तीन-अंकीय कॉल लाइनों, जैसे 211 और 311 सहायता और सूचना टेलीफोन नंबर्स, साथ ही 911 और 988 आपातकालीन और संकट समर्थन लाइनों में एकीकृत करने के लिए वर्तमान अनुसंधान और प्रोग्रामिंग प्रयासों का ओवरवव्यु प्रदान करता है। लक्षित दर्शकों में सरकारी नीति निर्माता, समुदाय के नेता, सार्वजनिक सुरक्षा अधिकारी और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सक शामिल हैं। मुख्य रूप से होमलैंड सुरक्षा विभाग (DHS) के विज्ञान और प्रौद्योगिकी (S&T) निदेशालय और सेंटर फॉर प्रिवेंशन प्रोग्राम्स एंड पार्टनरशिप्स (CP3) TVTP अनुदान कार्यक्रम द्वारा वित्त पोषित अनुसंधान और कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण इस गाइड में शामिल किया गया है। उत्तरी अमेरिका में इस पद्धति के उद्भव को प्रदर्शित करने के लिए कनाडा का एक उदाहरण शामिल किया गया है। एक साथ, ये परियोजनाएं TVTP के लिए तीन-अंकीय कॉल लाइनों का लाभ उठाने के लिए कई महत्वपूर्ण अवसरों को उजागर करती हैं, जिसमें चिंता के मामलों की पहचान करने के लिए कॉल लाइन ऑपरेटरों के विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता; कॉल करने वालों को प्रदान करने के लिए कॉल लाइन ऑपरेटरों के प्रासंगिक रेफरल जानकारी का विकास; लक्षित हिंसा और आतंकवाद से संबंधित जोखिम मूल्यांकन और प्रबंधन विकल्पों के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए प्रथम प्रतिक्रियाकर्ताओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए प्रशिक्षण; और दीर्घावधि में, जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए हस्तक्षेप की जरूरतों के सब विकल्पों को संबोधित करने के लिए स्थानीय संसाधनों का मानचित्रण करने, अंतराल की पहचान करने और समाधान प्रदान करने के लिए नगरपालिका नियोजन का प्रयास करना शामिल है। ये कार्यक्रम TVTP प्रयासों को मौजूदा सार्वजनिक सुरक्षा और सामुदायिक कल्याण प्रोग्रामिंग में एकीकृत करने का अवसर भी प्रस्तुत करते हैं।

*अस्वीकरण: निम्नलिखित रिपोर्ट केवल सूचनात्मक उद्देश्यों के लिए प्रदान की गई है ताकि यह उदाहरण दिया जा सके कि लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम की जानकारी और पद्धति को उत्तरी अमेरिका में तीन-अंकीय कॉल लाइनों में कैसे शामिल किया गया है। कृपया विशिष्ट स्थानों में प्रोग्रामिंग के बारे में सबसे वर्तमान, अद्यतित जानकारी के लिए स्थानीय और राज्य प्रदाताओं से परामर्श लें। संघीय अनुदान प्राप्त करने वाले कार्यक्रम और अनुसंधान को संदर्भों और पाठ में उल्लेखित किया गया हैं। गैर-संघीय संस्थाओं के संदर्भ केवल चित्रण और उदाहरण के उद्देश्यों के लिए हैं और अमेरिकी होमलैंड सुरक्षा विभाग या संघीय सरकार द्वारा गैर-संघीय संस्था के समर्थन के रुप में नहीं देखा जाना चाहिए।*

**आभार:** सेंटर फॉर प्रिवेंशन प्रोग्राम्स एंड पार्टनरशिप्स उन सामुदायिक साझेदारों और विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करना चाहता है, जो हित समुदाय के रूप में एकत्रित हुए और जिन्होंने पिछले वर्ष के दौरान विभिन्न सत्रों में प्रतिक्रिया प्रदान कि हैं।

**शब्दावली:** निम्नलिखित रोकथाम संसाधन के संदर्भ में, तीन-अंकीय हेल्पलाइन उन कॉल लाइनों को संदर्भित करती हैं जो वह कॉल करने वालों को सूचनात्मक और रेफरल सेवाएँ प्रदान करती हैं जो अपने लिए या किसी जोखिम वाले व्यक्ति के लिए संसाधन चाहते हैं। हेल्पलाइनों को टिप लाइनों, जो कानून प्रवर्तन को संदिग्ध गतिविधि की

रिपोर्टिंग के लिए अधिक संकीर्ण रूप से प्रयोजित हैं, से अलग किया जा सकता है। सभी हेल्पलाइन कुछ हद तक संकट सहायता प्रदान करती हैं।

**लक्षित हिंसा और आतंकवाद की परिभाषा:** लक्षित हिंसा और आतंकवाद सभी समुदायों के लिए खतरा पैदा करते हैं। DHS लक्षित हिंसा को किसी विशिष्ट व्यक्ति, समूह या स्थान पर लक्षित कि हुई वह हिंसा के पूर्व नियोजित कृत्यों के रूप में परिभाषित करता है जो संयुक्त राज्य अमेरिका या संयुक्त राज्य अमेरिका के किसी भी राज्य या उपखंड के आपराधिक कानूनों का उल्लंघन करता है, फिर वह किसी भी उद्देश्य से हो। लक्षित हिंसा में एक हद तक योजना या पहले से पहचाने गए लक्ष्य, जैसे कि कोई व्यक्ति, लोगों का समूह या संपत्ति शामिल होती है। ये कृत्य लक्षित लक्ष्य के अलावा व्यापक आबादी को डराने, मजबूर करने या अन्यथा प्रभावित करने के इरादे से किए गए प्रतीत होते हैं या उनका उद्देश्य किसी शिकायत के लिए प्रचार शुरु करना हो सकता है।[1] आतंकवाद में मानव जीवन के लिए खतरनाक या महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे या प्रमुख संसाधनों का विनाश करने वाले संभावित, आपराधिक रूप से गैरकानूनी, कार्य शामिल होते हैं जो नागरिक आबादी को डराने या मजबूर करने; डराने या जबरदस्ती करके सरकारी नीति को प्रभावित करने; या सामूहिक विनाश, हत्या या अपहरण करके सरकार के आचरण को प्रभावित करने के इरादे से किए गए प्रतीत होते हैं।

**अमेरिका में तीन-अंकीय कॉल लाइन:** तीन-अंकीय टेलीफोन हेल्पलाइन कॉल करने वालों को सामुदायिक संसाधनों और सहायता के लिए निर्देशित करती हैं। पूरे संयुक्त राज्य अमेरिका में व्यापक हेल्पलाइन बुनियादी ढांचा है। 211, जिसे 2000 में संघीय संचार आयोग (FCC) द्वारा सूचना और रेफरल सेवा नंबर के रूप में नामित किया गया था, सभी 50 राज्यों में उपलब्ध एक कॉल लाइन है जो लोगों को बुनियादी ज़रूरतों के कार्यक्रमों, जैसे कि आवास और रोज़गार की जानकारी, साथ ही आपातकालीन जानकारी, आपदा राहत और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी के लिए स्थानीय संसाधनों से जोड़ती है। 211 का समर्थन करने वाला एक गैर-लाभकारी संगठन यूनाइटेड वे वर्ल्डवाइड बताता है कि यह नेटवर्क सालाना 20 मिलियन से ज़्यादा अनुरोधों का जवाब देता है।[2] अन्य संकट हेल्पलाइन में सुसाइड एंड क्राइसिस लाइफ़लाइन शामिल है, जो स्थानीय और राज्य-वित्तपोषित संकट केंद्रों का एक नेटवर्क है, जिसे 2005 में सब्सटेंस एब्यूज एंड मेंटल हेल्थ सर्विसेज एडमिनिस्ट्रेशन (SAMHSA) द्वारा लॉन्च किया गया था और इसे गैर-लाभकारी संगठन वाइब्रेंट इमोशनल हेल्थ द्वारा प्रशासित किया जाता है।[3] 2022 में, मूल 1-800 नंबर अपने वर्तमान तीन-अंकीय रूप, 988 में परिवर्तित हो गया। आज, यह लाइन कॉल करने वालों को कॉल, टेक्स्ट और चैट के माध्यम से प्रशिक्षित संकट परामर्शदाताओं और संसाधनों से जोड़ती है और इसके अतिरिक्त एक वेटरन क्राइसिस लाइन भी प्रदान करती है। एक अन्य उदाहरण क्राइसिस टेक्स्ट लाइन है, जो एक वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था है जो 24/7 टेक्स्ट-आधारित मानसिक स्वास्थ्य और संकट सहायता प्रदान करती है।

Increasingly, emergency services and the call lines that support them have partnered with other आपातकालीन सेवाएं और उन्हें सहायता देने वाली कॉल लाइनें अन्य एजेंसियों, जैसे सामाजिक सेवाओं और व्यवहारिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ तेजी से साझेदारी कर रही हैं, ताकि संकट में फंसे लोगों के लिए पुलिस और

---

[1] उदाहरण के लिए, 2024 लक्षित हिंसा और आतंकवाद अनुदान कार्यक्रम के लिए वित्त पोषण अवसर की सूचना देखें, https://www.dhs.gov/sites/default/files/2024-04/24_0415_cp3_tvtp-fy24-nofo.pdf..

[2] 211 देखें | यूनाइटेड वे वर्ल्डवाइड

[3] https://www.samhsa.gov/newsroom/press-announcements/202106161430.

चिकित्सकों से मिलकर सह-प्रतिक्रिया कार्यक्रम पेश किए जा सकें।[4] स्थानीय सरकारें अन्य तीन-अंकीय कॉल लाइनें भी संचालित कर सकती हैं, जैसे 311 गैर-आपातकालीन हेल्पलाइन [5] या स्वास्थ्य पहुंच के लिए एक अलग तीन-अंकीय सेवा लाइन।[6] जब आवश्यक हो, तब यह हेल्पलाइन्स 911 जैसी आपातकालीन लाइनों के साथ समन्वय करती हैं।[7]

इसके अलावा, गैर-लाभकारी द्वारा प्रबंधित यूएस कॉल लाइनें भी हैं जो TVTP को संबोधित करती हैं। हालांकि ये सीधे तौर पर नगरपालिका की तीन-अंकीय कॉल लाइनों जुड़ी नहीं हैं, फिर भी कुछ रेफरल सेवाएं प्रदान करते हैं। यू.एस. स्थित पैरेंट्स फॉर पीस, एक सार्वजनिक स्वास्थ्य गैर-लाभकारी संगठन है जो समुदायों और परिवारों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है, लक्षित हिंसा को रोकने के लिए इस संगठनने 2017 से एक गोपनीय हेल्पलाइन का प्रबंधन किया है और कॉल लाइन के विस्तार का सपोर्ट करने के लिए 2023 में TVTP अनुदान प्राप्त किया है।[8] [8] मूनशॉट, हिंसक उग्रवाद को संबोधित करने वाला एक सामाजिक प्रभाव व्यवसाय, क्राइसिस टेक्स्ट लाइन के साथ साझेदारी में स्थापित कि गई एक 24/7 टेक्स्ट हेल्पलाइन भी संचालित करता है, जो हिंसा पर विचार करने वाले व्यक्तियों को संकट परामर्श के सत्र प्रदान करता है।[9] पेरेंट्स फॉर पीस और मूनशॉट दोनों को हेल्पलाइन विस्तार के बाहर अपने TVTP प्रयासों के समर्थन में संघीय अनुदान प्राप्त हुआ है।

**बाईस्टैंडर रिपोर्टिंग और हिचकिचाहट:** परिवार और मित्र, जिन्हें कभी-कभी "इंटिमेट बाईस्टैंडर" के रूप में संदर्भित किया जाता है, चेतावनी के संकेतों को नोटिस करने की स्थिति में होते हैं कि कोई व्यक्ति हिंसा के मार्ग पर हो सकता है। हालाँकि, शोध से पता चला है कि इंटिमेट बाईस्टैंडर किसी ऐसे व्यक्ति को रिपोर्ट करने में हिचकिचा सकते हैं जिसके बारे में वे चिंतित हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि वे उनको परेशानी में डाल सकते हैं या इस डर से कि जोखिम वालें व्यक्ति को यह पता लगा जाएगा कि कॉल करने वाले ने उनकी रिपोर्ट की है।[10] शोध यह भी संकेत देता है कि चिंतित व्यक्तियों को TVTP संसाधनों को नेविगेट करना चुनौतीपूर्ण और भारी लग सकता है, खासकर जब यह निर्धारित करना हो कि रिपोर्ट करना है या नहीं। [11] नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ जस्टिस द्वारा वित्त पोषित 2021 के एक अध्ययन में पाया गया कि बाईस्टैंडर वेब-आधारित तौर-तरीकों के माध्यम से रिपोर्टिंग के विपरीत व्यक्तिगत रूप से या फोन पर रिपोर्ट करना पसंद करते हैं।[12] बाईस्टैंडर रिपोर्टिंग पर किए गए दो

[4] पुंटिस एस, परफेक्ट डी, किरुबराजन ए, बोल्टन एस, डेविस एफ, हेस ए, हैरिस ई, मोलोडिन्स्की ए. पुलिस मानसिक स्वास्थ्य 'स्ट्रीट' ट्राइएज के सह-प्रतिक्रिया मॉडल की एक पद्धतिबद्ध समीक्षा। बीएमसी साइकियाट्री। 2018 अगस्त 15;18(1):256. doi: 10.1186/s12888-018-1836-2. PMID: 30111302; PMCID: PMC6094921.

[5] N11 कोड और अन्य संक्षिप्त डायलिंग व्यवस्था का उपयोग | संघीय संचार आयोग (fcc.gov)

[6] . इन्फो-सैंटे 811 | गवर्नमेंट डु क्यूबेक (क्यूबेक.सीए)

[7] होमलैंड सुरक्षा विज्ञान और प्रौद्योगिकी निदेशालय विभाग, "टेक्स्ट-सक्षम गेटकीपर हस्तक्षेप हेल्पलाइन रेफरल सिस्टम की नीतियां और प्रक्रियाएं, " 3.

[8] पैरेंट्स फॉर पीस को वित्त वर्ष 2022 और वित्त वर्ष 2023 में DHS CP3 अनुदान निधि प्राप्त हुई।

[9] मूनशॉट को वित्त वर्ष 2020 में DHS CP3 अनुदान निधि प्राप्त हुई।

[10] राष्ट्रीय मानसिक कल्याण परिषद, "अमेरिका में सामूहिक हिंसा: कारण, प्रभाव और समाधान, " 38.

[11] सारा के. थॉम्पसन, मिशेल ग्रॉसमैन और पॉल थॉमस, "ज़रूरतें, अधिकार और प्रणालियाँ: हिंसा, आतंकवाद और राजनीतिक हिंसा के लिए कट्टरपंथीकरण पर कैनेडियन इंटिमेट बाईस्टैंडर रिपोर्टिंग में वृद्धि, " 7.

[12] डेविड पी. ईसेनमैन, स्टीवन वीन, पॉल थॉमस, मिशेल ग्रॉसमैन, "सामुदायिक रिपोर्टिंग सीमाएँ: आतंकवाद और लक्षित हिंसा के संबंध में अधिकारियों के साथ जानकारी साझा करना, " 3.

अध्ययनों में, उत्तरदाताओं ने रोकथाम उपकरणों और जानकारी तक एक्सेस बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की ।[13][14] कुल मिलाकर, तीन-अंकीय हेल्पलाइन इंटिमेट बाईस्टैंडर को एक गुमनाम पहला कदम प्रदान कर सकती है जो उन्हें प्रासंगिक और स्थानीय हस्तक्षेप संसाधनों पर जानकारी प्राप्त करने में मदद कर सकता है।

**लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम को तीन-अंकीय कॉल लाइनों में एकीकृत करना:** तीन-अंकीय कॉल लाइनों की एक छोटी संख्या ने हिंसा की रोकथाम के लिए सहायता सेवाओं को एकीकृत किया है; उदाहरण के लिए, फिलाडेल्फिया की 211 लाइन संघर्ष हस्तक्षेप, युवा हिंसा की रोकथाम और हिंसा रोकथाम के समुदायिक संगठनों के लिए रेफरल पर संसाधन प्रदान करती है।[15] कुछ हेल्पलाइन सीधे TVTP से संबंधित रेफरल और सूचनात्मक सेवाएँ प्रदान करती हैं। लॉस एंजेलिस में 211 LA ने LA-ROC (लॉस एंजेलिस ओपन, रेसिलिएंट कम्युनिटीज) पहल का समर्थन करने के लिए TVTP सेवाओं को अपनी हेल्पलाइन में शामिल किया है। DHS विज्ञान और प्रौद्योगिकी निदेशालय द्वारा समर्थित अनुसंधान के संयोजन में, जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी ने कॉल करने वालों को लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम संसाधनों पर संदर्भित करने के लिए नीतियों और प्रक्रियाओं को लागू करने में 211 LA का समर्थन किया है। इस प्रयास में टेक्स्ट-आधारित हेल्पलाइन का एक प्रारंभिक मूल्यांकन और कार्यक्रम के विस्तार का एक प्रक्रिया मूल्यांकन भी शामिल था। 2022 में प्रकाशित, अंतिम रिपोर्टने टेक्स्ट-सक्षम हेल्पलाइन रेफरल के लिए अवसरों और चुनौतियों की पहचान की, जिनकी चर्चा इस पेपर के निष्कर्ष में की गई है।

यह देखते हुए कि ऑपरेटरों को कॉल करने वालों की कई तरह की चिंताओं (जैसे, बेघर होना, मानसिक स्वास्थ्य, बदमाशी) को संबोधित करना होगा, यह शोध में कॉल लाइन ऑपरेटरों के लिए प्रोटोकॉल विकसित करने के महत्व पर प्रकाश डाला गया है, ताकि विशिष्ट लक्षित हिंसा और आतंकवाद संबंधी चिंताओं को संबोधित किया जा सके। जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा किए गए अध्ययन में कॉल करने वालों को उनकी पूछताछ की प्रकृति के आधार पर प्रासंगिक संसाधनों तक सीधा एक्सेस प्रदान करने में मदद करने के लिए टेक्स्ट-आधारित विकल्पों की सिफारिश की गई है, साथ ही ऑपरेटरों को संकट बनाम गैर-संकट मामलों को अधिक स्पष्ट रूप से पहचान करने में मदद की गई है।[16]

## तीन-अंकीय कॉल लाइनों को संबोधित करता हुआ DHS लक्षित हिंसा और आतंकवाद (TVTP) अनुदान कार्यक्रम

**TVTP अनुदान कार्यक्रम ओवरव्यु:** DHS सेंटर फॉर प्रिवेंशन प्रोग्राम्स एंड पार्टनरशिप्स लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम को संबोधित करने वाले वार्षिक अनुदान कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।.[17] इस सार्वजनिक अनुदान प्रतियोगिता के माध्यम से, कई सफल आवेदनों ने तीन-अंकीय कॉल लाइनों के भागों को शामिल करते हुए प्रोग्रामिंग का प्रस्ताव रखा है, जिसका यहाँ संक्षेप में वर्णन किया गया है:

---

[13] एल्गा सिकेंस, मैरियन वैन सैन, स्टिन सिकेलिंक , मीका डे विंटर, “कट्टरपंथीकरण पर माता-पिता के दृष्टिकोण: एक गुणात्मक अध्ययन।”

[14] थॉम्पसन एट अल. “ज़रूरतें, अधिकार और प्रणालियाँ, ” 7.

[15] शहर की 24 घंटे की हिंसा रोकथाम हॉटलाइन पर कॉल करें | आपराधिक न्याय कार्यालय | फिलाडेल्फिया शहर

[16] जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी की पूरी रिपोर्ट DHS में रखी गई है और अनुरोध पर जनता के लिए उपलब्ध है।

[17] लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम आवेदक अनुदान कार्यक्रम आवेदक संसाधन | होमलैंड सुरक्षा (dhs.gov)

**पाम बीच काउंटी, फ्लोरिडा (पुरस्कार वर्ष 21-23 और 23-25):** पाम बीच काउंटी शेरिफ कार्यालय (PBSO) ने सामुदायिक हितधारकों के एक बहु-विषयक, क्रॉस सेक्टर समूह के सहयोग से पाम बीच काउंटी स्कूल और सामुदायिक हिंसा रोकथाम परियोजना बनाई और अपने FY21 TVTP अनुदान के हिस्से के रूप में इस परियोजना का विस्तार किया। इस परियोजना का उद्देश्य पाम बीच काउंटी की सामूहिक हिंसा रोकथाम क्षमताओं में समन्वय को बेहतर बनाना था। काउंटी की 211 हेल्पलाइन, जो 988 सुसाइड और क्राइसिस लाइफलाइन से भी कॉल लेती है, को अवेयर एंड केयर पाम बीच काउंटी सामुदायिक जागरूकता और आउटरीच परियोजना और सामुदायिक प्रदाताओं के लिए प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता सहित इन व्यापक प्रयासों में एकीकृत किया गया था। Aware and Care Palm Beach County

PBSO और काउंटी की 211 हेल्पलाइन और दक्षिणपूर्व फ्लोरिडा व्यवहारिक स्वास्थ्य नेटवर्क (SEFBHN) के परियोजना भागीदारों ने कई महत्वपूर्ण परिणाम हासिल किए। PBSO ने अपने खतरा आकलन टीमों की क्षमता बढ़ाने के लिए अनुदान द्वारा प्राप्त दो (2) जासूसों को काम पर रखा; PBSO की खतरा आकलन टीमें ऐसे व्यक्तियों की रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया देती हैं जिसमें भविष्य में समुदाय में हिंसक कृत्य करने के जोखिम हो सकते हैं। PBSO खतरा आकलन टीम के कर्मचारियों ने 211 हेल्पलाइन के 32 कर्मचारियों के लिए चार प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए, जिसमें उन्हें सामूहिक हिंसा और संबंधित हस्तक्षेप और रिपोर्टिंग विकल्पों के संभावित जोखिम संकेतकों की पहचान करने के अपेक्षित ज्ञान से लैस किया गया। 164 से अधिक समुदाय के सदस्यों और व्यवहारिक स्वास्थ्य पेशेवरों ने बाईस्टैंडर प्रशिक्षण पूरा किया और 14 व्यक्तियों को समुदाय में बाईस्टैंडर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रमाणित किया गया हैं। PBSO की खतरा आकलन टीमों ने संभावित हिंसा के जोखिम वाले व्यक्तियों को प्रोजेक्ट के भागीदार SEFBHN के पास भेजा, जो पाम बीच काउंटी में व्यवहारिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रबंध इकाई है। SEFBHN एक साक्ष्य-आधारित पद्धति है और देखभाल समन्वय प्रदान करती है, जो व्यक्तियों को सीधे सामुदायिक प्रदाताओं से जोड़ती है। परियोजना अवधि के दौरान SEFBHN ने 75 व्यक्तियों को सेवाओं के लिए संदर्भित किया हैं। अंत में, PBSO के पास अब कानून प्रवर्तन और व्यवहारिक स्वास्थ्य प्रदाताओं सहित क्रॉससेक्टर भागीदारों के साथ समझौता ज्ञापन है, जो सहयोग और समन्वय रणनीतियों को और बढ़ाने के लिए भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को रेखांकित करता है।.

वित्त वर्ष 2023 के TVTP अनुदान कार्यक्रम पुरस्कार से प्राप्त कुछ अनुदान द्वारा, हिंसा के मार्ग पर पहले से पहचाने गए व्यक्तियों के लिए सह-प्रतिक्रिया हस्तक्षेप को शामिल करने के लिए के पाम बीच काउंटी स्कूल और सामुदायिक हिंसा रोकथाम परियोजना का विस्तार कर रही है। PBSO द्वारा नए पहचाने गए परियोजना भागीदारों और SEFBHN, 211-हेल्पलाइन और पाम बीच काउंटी हेल्थकेयर डिस्ट्रिक्ट के साथ साझेदारी करना जारी रखेगा जाएगा। ये प्रयास पहले के TVTP अनुदान कार्यक्रमों में सीखे गए सबक के साथ-साथ मानसिक और व्यवहारिक स्वास्थ्य प्रदाताओं, उनकी 211 हेल्पलाइन, SEFBHN और उनके अवेयर एंड केयर पाम बीच काउंटी परियोजना के माध्यम से समुदाय के साथ बनाए गए विश्वास पर आधारित हैं।

**चार्ल्सटन काउंटी, साउथ कैरोलिना (पुरस्कार वर्ष 22-24):** चार्ल्सटन काउंटी वहा के 463 प्रथम उत्तरदाताओं और मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों को लक्षित हिंसा और आतंकवाद जागरूकता और जोखिम मूल्यांकन में प्रशिक्षण देकर अपनी स्थानीय रोकथाम क्षमताओं को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। इस साझा प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रभावी लक्षित हिंसा रोकथाम में भूमिकाओं के बारे में एक सार्वजनिक ज्ञान आधार, भाषा और समझ बनाना है। एक बहु-विषयक टीम इस काम का मार्गदर्शन कर रही है और अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण में शामिल कर रही है। वर्तमान में शामिल एजेंसियों में स्थानीय कानून प्रवर्तन, चार्ल्सटन काउंटी आपातकालीन चिकित्सा सेवाएँ (EMS), चार्ल्सटन काउंटी समेकित 911 केंद्र, चार्ल्सटन डोरचेस्टर मानसिक स्वास्थ्य केंद्र और चार्ल्सटन केंद्र (शराब और

अन्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग का सेवा विभाग) शामिल हैं। इस अनुदान के माध्यम से, चार्ल्सटन काउंटी का लक्ष्य प्रथम उत्तरदाताओं और चिकित्सकों को निम्नलिखित क्षमता से लैस करना है:

1. ऐसे व्यवहारिक स्वास्थ्य व्यक्तियों की पहचान करें जो लक्षित हिंसा के जोखिम के संकेतक प्रदर्शित कर सकते हैं;
2. प्रवर्तमान जोखिम का स्तर निर्धारित करने के लिए व्यवहारिक स्वास्थ्य व्यक्तियों का मूल्यांकन करना;
3. जोखिम वालें व्यक्तियों को उचित देखभाल और सेवाएं प्रदान करने के लिए सुरक्षा योजनाओं को लागू करना, जिससे सुरक्षात्मक कारकों को बढ़ाया जा सके और जोखिम कारकों को कम किया जा सके।

इसके अलावा, अनुदान में भागीदारों द्वारा वर्तमान सामर्थ्य और कमियों की पहचान करने के लिए उपयोग किए जाने वाले मौजूदा प्रोटोकॉल और पद्धतिओं का मूल्यांकन शामिल है। चार्ल्सटन काउंटी समेकित आपातकालीन संचार केंद्र (911) इस बहु-विषयक कार्य की समन्वयकारी भूमिका निभा रहा है। यह मूल्यांकन मजबूत सहयोग और रेफरल प्रोटोकॉल बनाने के लिए एक बेहतर कार्यान्वयन योजना की जानकारी देगा। यह कार्य सार्वजनिक सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य प्रदाताओं के एक मजबूत स्थानीय इतिहास पर आधारित है जो व्यक्तियों को सर्वोत्तम देखभाल प्रदान करने के लिए एक साथ काम करते हैं, साथ ही उत्तरदाताओं और समग्र समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

**वाशिंगटन, डी.सी. (पुरस्कार वर्ष 22-24):** डिस्ट्रिक्ट ऑफ़ कोलंबिया की होमलैंड सिक्योरिटी एंड इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी (HSEMA) लक्षित हिंसा को संबोधित करने और रोकने के प्रयासों का समर्थन करके सभी निवासियों के लिए एक सुरक्षित और संरक्षित समुदाय प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। HSEMA ने प्रोटेक्ट DC की स्थापना की है, जो एक शहर-व्यापी बहु-विषयक खतरा मूल्यांकन और प्रबंधन कार्यक्रम है जो किसी व्यक्ति के हिंसा या गंभीर नुकसान के जोखिम का आकलन करने, जानकारी साझा करने और संसाधनों और सेवाओं का समन्वय करने के लिए एक सार्वजनिक स्वास्थ्य दृष्टिकोण का उपयोग करता है।.[18]

यह कार्यक्रम डिस्पैचर और ऑपरेटरों के लिए व्यवहारिक खतरे का आकलन और प्रबंधन प्रशिक्षण लागू करने और शहर की मौजूदा तीन-अंकीय कॉल लाइन डायवर्जन सेवाओं, जैसे कि 311 और 911 के साथ प्रोटोकॉल स्थापित करने के लिए काम कर रहा है, ताकि कॉल करने वालों को लक्षित हिंसा के संकेत देने वाले व्यवहार या संचार की पहचान करने और रिपोर्ट करने में सहायता मिल सके। कार्यक्रम का उद्देश्य संदिग्ध गतिविधि के लिए सूचना देने की प्रक्रिया को सरल बनाना है, ताकि जहाँ इन संसाधनों की आवश्यकता हो सकती है वहा खतरे के आकलन और प्रबंधन संसाधनों या रेफरल के लिए सेवाओं तक त्वरित एक्केस सुनिश्चित हो सके।

## एक कैनेडियन उदाहरण:

**इन्फोसेंटे क्यूबेक:** लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम के लिए तीन-अंकीय कॉल लाइनों का लाभ उठाने के प्रयास केवल संयुक्त राज्य अमेरिका तक ही सीमित नहीं हैं। क्यूबेक, कनाडा में, इन्फोसेंटे नामक एक 811-कॉल लाइन है जो एक निःशुल्क और गोपनीय हेल्पलाइन प्रदान करती है, जो सप्ताह के 7 दिन, दिन में 24 घंटे कॉल

[18] TVTP ग्रांटी स्टोरी: डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया होमलैंड सिक्योरिटी एंड इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी | होमलैंड सिक्योरिटी (dhs.gov)

प्राप्त करने के लिए खुली रहती है। यह लाइन सभी के लिए स्वास्थ्य सलाह और रेफरल सेवाएँ, 0 से 17 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए बाल चिकित्सा स्वास्थ्य लाइन, एक मनोसामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य सलाह और रेफरल लाइन और एक रेफरल लाइन प्रदान करती है, जो परिवार के डॉक्टर की प्रतीक्षा कर रहे लोगों के लिए है। 811 लाइन स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा मंत्रालय के भीतर स्थित है और यह व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक और सामुदायिक सेवाओं के व्यापक नेटवर्क से जुड़ी हुई है, जो रोकथाम के प्रयासों का समर्थन कर सकती है। ऐसे लोग जो हिंसा की ओर बढ़ रहे अपने मित्रों और प्रियजनों के बारे में चिंतित हैं उनसे से कॉल प्राप्त करने के बाद इन्फोसेंटे, मॉन्ट्रियल सोशल पोलराइजेशन टीम और कैनेडियन प्रैक्टिशनर्स नेटवर्क फॉर द प्रिवेंशन ऑफ रेडिकलाइजेशन (CPN-PREV) ने एक साझेदारी बनाई हैं। मॉन्ट्रियल पोलराइजेशन टीम द्वारा इन्फोसेंटे के सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाता है और सुनिश्चित किया जाता है कि उन्हें विभिन्न प्रकार के भागीदारों का एक्केस प्राप्त हो जो लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम के प्रयासों का समर्थन करते हैं। इन्फोसेंटे अब CPN-PREV के भागीदारों की निर्देशिका में सूचीबद्ध है ताकि उन व्यक्तियों को पता चले कि वे सीधे इन्फोसेंटे से रेफरल सेवाओं को एक्केस कर सकते हैं ।.

**निष्कर्ष:** हालाँकि TVTP सूचना को तीन-अंकीय कॉल लाइनों में एकीकृत करना एक उभरती हुई पद्धति है, लेकिन उत्तरी अमेरिका में कई कार्यक्रमों ने मौजूदा कॉल लाइन प्रोटोकॉल में इस सूचना को शामिल करने के लिए उत्साहजनक परिणाम बताए हैं। इन कार्यक्रमों के शुरुआती आकलन, प्रभाव प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण, संसाधन और जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों की आवश्यकता की ओर इशारा करते हैं। यह स्वीकार करना भी महत्वपूर्ण है कि TVTP के संदर्भ में हेल्पलाइन की प्रभावशीलता पर अनुसंधान सीमित है। हालाँकि, आसन्न संकट निवारण क्षेत्रों में, शोध ने सकारात्मक परिणामों का संकेत दिया है। उदाहरण के लिए, अध्ययनों से पता चला है कि आत्महत्या के जोखिम को कम करने में तीन-अंकीय आत्महत्या रोकथाम हेल्पलाइन फायदेमंद हो सकती है।[19]

**अवसर:** मौजूदा तीन-अंकीय ढांचे के भीतर TVTP प्रोटोकॉल स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर प्रासंगिक प्रदाताओं की पहचान करना और उन प्रदाताओं के साथ कॉल लाइन सेवाओं को जोड़ना महत्वपूर्ण है। जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी की शोध टीम ने लॉस एंजेलिस के अपने काम में उल्लेख किया कि कॉल लाइन ऑपरेटरों के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती लक्षित हिंसा या आतंकवाद-विशिष्ट रोकथाम सेवाओं के बारे में जागरूकता प्रदान करना था, जैसे कि चिंतित बाईस्टैंडर के लिए संसाधन।[20] तीन-अंकीय कॉल लाइनों के सामने एक और चुनौती सामुदायिक जागरूकता और स्वीकृति है, जिसे स्थानीय भागीदारों के माध्यम से विपणन अभियानों और सूचना साझा करने के माध्यम से कम किया जा सकता है। अनुदान, स्टाफिंग और उचित कार्मिक प्रशिक्षण अतिरिक्त चुनौतियाँ हैं जिस पर विचार करने कि जरुरत हैं। आसन्न हिंसा के खतरों का उचित रूप से रिपोर्ट होने के साथ साथ व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा हो सके वह सुनिश्चित करने के लिए तीन-अंकीय कॉल लाइनों को गोपनीयता संबंधी चिंताओं पर भी विचार करना चाहिए, विशेष रूप से टेक्स्ट-आधारित लाइनों में। भविश्य में, विकास के अवसरों में

---

[19] केली माजर , मेगन ओ'रिऑर्डन , एलन वुडवर्ड और डेबरा रिकवुड , "संकट सहायता सेवाओं के लिए उपयोगकर्ता कि अपेक्षाओं और परिणामों की एक पद्धतिबद्ध समीक्षा," 465. गोल्ड, एम.एस., लेक, ए.एम., गैलफाल्वी , एच., क्लेनमैन, एम., मुनफख , जे.एल., राइट, जे. और मैककॉन, आर. (2018) भी देखें, नेशनल सुसाइड प्रिवेंशन लाइफलाइन पर कॉल करने वालों के साथ फॉलो-अप लें: देखभाल के बारे में कॉल करने वालों की धारणाओं का मूल्यांकन। सुसाइड लाइफ थ्रेट बिहेव , 48: 75- 86. https://doi.org/10.1111/sltb.12339

[20] DHS S&T, "टेक्स्ट-सक्षम गेटकीपर हस्तक्षेप," 4.

911 और 988 जैसी कॉल लाइनों के बीच समन्वय का विस्तार करना शामिल है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संकट का सामना करने वालों की ज़रूरतों को उचित संसाधनों के साथ पूरा किया जा रहा है।[21]

# अतिरिक्त संसाधन:

## CP3 संसाधन

होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का सेंटर फॉर प्रिवेंशन प्रोग्राम्स एंड पार्टनरशिप्स (CP3) लक्षित हिंसा और आतंकवाद के कृत्यों को रोकने और कम करने के लिए संसाधन प्रदान करता है। संसाधनों में आपके राज्य को सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए राष्ट्रव्यापी स्टाफ सहायता, अनुदान निधि और प्रशिक्षण और शैक्षिक सामग्री शामिल हैं।

क्षेत्रीय रोकथाम समन्वयक राज्य और स्थानीय स्तर पर लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम के प्रयासों का समर्थन करते हैं। वे जानकारी साझा करते हैं, प्रशिक्षण प्रदान करते हैं और रोकथाम में शामिल हो सके वैसे सामुदायिक भागीदारों के लिए नेटवर्क बनाने में मदद करते हैं। अधिक जानकारी के लिए, www.dhs.gov/cp3 पर जाएँ या CP3 क्षेत्रीय रोकथाम समन्वयक से जुड़ने के लिए, cp3field@hq.dhs.gov पर ईमेल करें।

लक्षित हिंसा और आतंकवाद रोकथाम अनुदान कार्यक्रम राज्य, स्थानीय, जनजातीय और प्रादेशिक सरकारों, गैर-लाभकारी संस्थाओं और उच्च शिक्षा संस्थानों को लक्षित हिंसा और आतंकवाद को रोकने के लिए क्षमताएँ स्थापित करने या बढ़ाने के लिए धन मुहैया कराता है। www.dhs.gov/tvtpgrants पर अधिक जानकारी प्राप्त करें और आवेदन करें या terrorismprevention@hq.dhs.gov पर अनुदान टीम से संपर्क करें।

प्रिवेंशन रिसोर्स फाइंडर से हमारे देश भर में लक्षित हिंसा और आतंकवाद के खिलाफ तैयारी और उसके रोकथाम में मदद करने के लिए आवश्यक संसाधनों पर सार्वजनिक जानकारी प्रदान करता है। वेबसाइट पर उपलब्ध संसाधनों में सामुदायिक सहायता संसाधन, अनुदान के अवसर, सूचना साझा करने के मंच, साक्ष्य-आधारित शोध और लक्षित हिंसा के जोखिम को कम करने के लिए प्रशिक्षण के अवसर शामिल हैं, जिसमें घृणा-आधारित लक्षित हिंसा भी शामिल है। अधिक जानकारी के लिए यहां क्लिक करें: प्रिवेंशन रिसोर्स फाइंडर | होमलैंड सिक्योरिटी (dhs.gov)

---

[21] https://www.samhsa.gov/find-help/988/faqs#differences देखें; संकट रेखाओं के बीच समन्वय को बढ़ाने के अनुसंधान के बारे में अधिक जानकारी के लिए, समय पर और उचित मानसिक स्वास्थ्य संकट प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए 988 और 911 के समन्वय को बढ़ावा देना. देखें | स्वास्थ्य के मामलें।